**कार्यालय नगर निगम, देहरादून,**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु नगर निगम, देहरादून के कांजीहाउस/गौसदन व सुअरबाड़े पर आश्रित पशुओं के लिए पशु खाद्य सामग्री (हरी घास, भूसा, फैक्ट्री निर्मित पशु आहार, सफेद नमक, रॉक सॉल्ट, चोकर, गुड़, सरसों का तेल, मूंग चूरी, पुराल, सरसों की खल, व सूकर आहार) आपूर्ति हेतु अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार निविदा हेतु इच्छुक व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत सूचना दिनांक 04.03.2020 तक नगर निगम के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अवधि के उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, नगर निगम, देहरादून।

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

पत्रांकः– 7 (V.N) दिनाँक 11/02/2020

1. सम्पादक राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सम्पादक को हिन्दुस्तान इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम, देहरादून।

देoदून क्यु नं0..........

निविदा फार्म का मूल्य रू0 500+GST@12%=560 रू0

# नगर निगम देहरादून

नीचे लिखे कार्य के लिए सीलबंद लिफाफों में निविदा 05.03.2020 को अपराहन 03:00 बजे तक कक्ष संख्या–12, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के कार्यालय में जमा करनी होंगी जो उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अथवा उसके बाद खोली जाएँगी।

**कार्य का नाम**– नगर निगम देहरादून के कांजीहाउस व सुअरबाड़े पर आश्रित पशुओं के लिए पशु खाद्य सामग्री (हरी घास, भूसा, गोरला घासा/सूखी घास (Hay), गेहूँ का दलिया, ज्वार साबुत, चना छिलका, चना साबुत, जई दली हुई, बिनोला की खल, सोयाबीन की चूरी/दलिया, फैक्ट्री निर्मित पशु आहार, सफेद नमक, राक साल्ट (सेन्धा नमक), चोकर, गुड़, सरसों का तेल, मूंग चूरी, पुराल, सरसों की खल, राइस पॉलिश, शीरा, फीड सप्लीमेंट, जौ का दलिया व सूकर आहार) आपूर्ति किया जाना।

| क0सं0 | कार्य का नाम | अर्नेस्ट मनी धनराशि का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम देहरादून के कांजीहाउस व सुअरबाड़े पर आश्रित पशुओं के लिए पशु खाद्य सामग्री (हरी घास, भूसा, गोरला घासा/सूखी घास (Hay), गेहूँ का दलिया, ज्वार साबुत, चना छिलका, चना साबुत, जई दली हुई, बिनोला की खल, सोयाबीन की चूरी/दलिया, फैक्ट्री निर्मित पशु आहार, सफेद नमक, राक साल्ट (सेन्धा नमक), चोकर, गुड़, सरसों का तेल, मूंग चूरी, पुराल, सरसों की खल, राइस पॉलिश, शीरा, फीड सप्लीमेंट, जौ का दलिया व सूकर आहार) आपूर्ति करना। | |

हस्ताक्षर निविदादाता

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून

**नगर निगम, देहरादून (पशुचिकित्सा अनुभाग)**

**वर्ष 2020–21 हेतु नगर निगम देहरादून के कांजीहाउस व सुअरबाड़े पर आश्रित पशुओं के लिए प्रत्येक माह पशु खाद्य सामग्री (हरी घास, भूसा, फैक्ट्री निर्मित पशु आहार, सफेद नमक, राक साल्ट, चोकर, गुड़, सरसों का तेल, मूंग चूरी, पुराल, सरसों की खल व सूकर आहार) सप्लाई हेतु निविदा की शर्ते**

1. निविदा तथा कार्य के सम्बन्ध में जानकारी नगर निगम देहरादून के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनाँक 04.03.2020 तक प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे सांय तक (रविवार एवं अवकाश के दिवस को छोड़कर) प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म क्रय किये जाने के उपरांत यह समझा जायेगा कि निविदादाता ने कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है। निविदाएँ दिनांक 05.03.2020 को अपराहन 03:00 बजे तक जमा करनी होंगी जो उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अथवा उसके बाद खोली जाएँगी।
2. निविदाओं पर निर्णय नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून द्वारा किया जायेगा। निविदा नोटिस में दिये गए निर्धारित समय पर निविदा खोली जाएंगी, यदि निविदादाता चाहे तो निविदा खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं।
3. निविदादाता तकनीकी व वित्तीय निविदा को पृथक–पृथक लिफाफों में सीलबंद कर एक बड़े लिफाफे में जमा करेंगे। निविदा सील बन्द मजबूत लिफाफों में नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के नाम भेजने आवश्यक हैं किसी अन्य अधिकारी के नाम निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी। लिफाफे पर "निविदा" शब्द लिखा जायेगा, बगैर सील बन्द निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. तकनीकी निविदा खोलने के उपरांत ही नियमानुसार वित्तीय निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निगम में निहित होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाय।
5. नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के लिखित अनुमोदन के बगैर दरें मान्य नहीं होगी।
6. पशु खाद्य सामग्री की सप्लाई वित्तीय वर्ष 2020–21 होगी।
7. मैनेजर कांजीहाउस/सुअरबाड़ा/गौसदन से प्राप्त मांग के अनुसार प्रतिदिन मांग किये जाने पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
8. फैक्ट्री निर्मित पशु खाद्य सामग्री का ब्रांड टेण्डर प्रपत्र में स्पष्ट उल्लिखित करना होगा तथा उसी ब्रांड की सामग्री आपूर्ति करनी होगी। लिफाफे पर ठेकेदार का नाम और पता साफ–साफ अंकित होगा।
9. पशु खाद्य सामग्री की सप्लाई में अनियमितता एवं उदासीनता पाये जाने पर नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून को अधिकार होगा कि बिना किसी पूर्व सूचना के आपकी जमानत की धनराशि को जब्त कर टेण्डर निरस्त कर देंगे।
10. निविदादाता सामयिक रूप से वाणिज्य कर जी0एस0टी0 पंजीकरण संबंधी प्रमाण पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करेगें।
11. जिस व्यक्ति का टेण्डर अन्तिम रूप से स्वीकार किया जायेगा उसे एग्रीमेन्ट डीड पर हस्ताक्षर करने होंगे ऐसा न होने पर उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी एवं अर्नेस्ट मनी का पैसा जब्त कर लिया जायेगा।
12. सफल निविदादाता को कार्यपूर्ति धरोहर के रूप में कुल अनुमानित संविदा राशि 45 लाख रू0 की 7 प्रतिशत धनराशि डिमांड ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद द्वारा जमा करानी होगी जो कि आपूर्ति करने की अवधि से 60 दिन बाद तक वैध होना आवश्यक है।
13. आपूर्तिकर्ता पशु खाद्य सामग्री की ढुलाई कांजीहाउस केदारपुरम, गोसदन शंकरपुर व सुअरबाड़ा, सहस्त्रधारा रोड निअर ट्रेंचिंग ग्राउण्ड तक भेजना सुनिश्चित करेगा जिसका व्यय निविदाकर्ता को स्वयं वहन करना होगा जिसकी कोई प्रतिपूर्ति नहीं होगी।
14. निविदादाता द्वारा भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ रू0 2,50,000/– अर्नेस्ट मनी ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज (Pledge) हो धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
15. फर्म का विगत 3 वर्ष का औसत Turnover Rs. 25 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिये, जिसका प्रमाण–पत्र साक्ष्य सहित व पैन नम्बर, जी0एस0टी0 नम्बर, विगत 3 वर्ष की बैलेन्स शीट, आय व्यय लेखा तथा अनुभव प्रमाण–पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना होगा तथा धनराशि संबंधी निर्धारित निविदा प्रपत्र वित्तीय निविदा के लिफाफे में बंद कर प्रस्तुत करना होगा।
16. निविदादाता पर नगर निगम की कोई देय निविदा तिथि तक शेष नहीं होनी चाहिए, न ही किसी कार्यालय/संस्था द्वारा कभी ब्लैकलिस्टेड होनी चाहिये। इस आशय का स्व–प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
17. संस्था उत्तराखण्ड राज्य में पंजीकृत होनी अनिवार्य है।
18. किसी भी शर्त के उलंघन पर नगर निगम को अधिकार होगा कि वह निविदा को निरस्त कर दें।
19. अनुबंध 1 वर्ष के लिये होगा। सफल निविदादाता के कार्य से संतुष्ट न होने पर अनुबंध 01 वर्ष से पहले समाप्त किया जा सकता है। 1 वर्ष की समाप्ति उपरांत संतोषजनक कार्य रहने की दशा में अनुबंध को आपसी सहमति एवं सुसंगत नियमों के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

20. अतः सर्व साधारण एवं इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रपत्र एवं शर्ते रू0 500+GST@12%=560 रू0 के नकद भुगतान पर वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनाँक 04.03.2020 तक प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे सायं तक कय कर सकते हैं। निविदा सूचना नगर निगम देहरादून की वेबसाईट **http://nagarnigamdehradun.com** पर भी उपलब्ध रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विभाग द्वारा ठेकेदार को केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा।

---

मैंने उपरोक्त नियमों एवं शर्तों का अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मैं/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तों का पालन करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य करने हेतु सहमत हूँ/हैं। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये हैं व समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर ठेकेदार.......................................

नाम................................................................

पता................................................................

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

सभी सामग्री की दरें संलग्न सूची अनुसार सभी करों को सम्मिलित करते हुए अंकित करना होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री | दर प्रति कुन्तल | वेट व अन्य सभी करों की राशि | कुल दर सभी करों सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हरी घास | | | |
| 2 | भूसा | | | |
| 3 | गोरला घास/सूखी घास | | | |
| 4 | गेहूँ का दलिया | | | |
| 5 | ज़्वार साबुत | | | |
| 6 | चना छिलका | | | |
| 7 | चना साबुत | | | |
| 8 | जई दली हुई | | | |
| 9 | बिनोला की खल | | | |
| 10 | सोयाबीन की चूरी/दलिया | | | |
| 11 | फैक्ट्री निर्मित पशु आहार | | | |
| 12 | सफेद नमक | | | |
| 13 | राक साल्ट (सेन्धा नमक) | | | |
| 14 | चोकर | | | |
| 15 | गुड़ | | | |
| 16 | सरसों का तेल | | | |
| 17 | मूंग चूरी | | | |
| 18 | पुराल | | | |
| 19 | सरसों की खल | | | |
| 20 | राइस पॉलिश | | | |
| 21 | शीरा | | | |
| 22 | फीड सप्लीमेंट | | | |
| 23 | सूकर आहार (फैक्ट्री निर्मित) | | | |
| 24 | जौ का दलिया | | | |

हस्ताक्षर ठेकेदार........................................

नाम..............................................................

पता..............................................................

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून।